# बिहार विधान परिषद्

## 213 मॉनसून सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

## 23 जुलाई, 2026

----

[गृह - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - योजना एवं विकास - श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण - युवा रोजगार एवं कौशल विकास - वित्त विभाग - वाणिज्य कर - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - परिवहन - जल संसाधन - लघु जल संसाधन - समाज कल्याण - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण ].

### अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या - 30

----

अनुशंसित योजनाओं की समय सीमा

50 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार विधान मंडल के माननीय सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत जो भी योजनाएं अनुशासित की जाती हैं उनके पूर्ण करने की

कोई तय समय सीमा निर्धारित नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय सदस्यों द्वारा अनुशंसित योजनाओं को पूर्ण करने में विभाग के अधिकारियों द्वारा कई तरह के बेवजह अड़चन लगाकर काफी विलंब किया जाता है जिससे जनहित की योजनाएं जल्द पूरी नहीं हो पाती हैं;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माननीय सदस्यों द्वारा अनुशंसित योजनाओं को पूर्ण करने के लिए कोई निर्धारित समय सीमा तय करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति

51 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):

क्या मंत्री, **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विभाग के अंतर्गत संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों से अध्यापन के अतिरिक्त भोजन वितरण, छात्रावास प्रबंधन, पुस्तकालय, लिपिकीय कार्य तथा साफ-सफाई की निगरानी जैसे गैर-शैक्षणिक कार्य भी कराए जा रहे हैं, जिसके कारण शिक्षकों के मुख्य अध्यापन-कार्य एवं शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार शिक्षकों को अध्यापन हेतु पूर्णतः मुक्त करने के लिए पृथक छात्रावास अधीक्षक एवं अन्य आवश्यक कर्मियों की नियुक्ति/व्यवस्था कर रही है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह सुनिश्चित करना चाहेंगी कि इन विद्यालयों में गैर-शैक्षणिक कार्यों के लिए व्यवस्था करते हुए भोजन, स्वच्छता अथवा छात्रावास प्रबंधन से जुड़ी चूक के लिए शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई के स्थान पर संबंधित उत्तरदायी कर्मियों को जवाबदेह ठहराया जाए ताकि शिक्षक अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए मनोयोगपूर्वक अध्यापन कार्य कर सकें, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अपराध के आंकड़ों में वृद्धि

**52 श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एन०सी०आर०बी०) द्वारा दिनांक- 06.05.2026 को देश में हुए अपराधों का जो ब्योरा जारी किया गया है उसके अनुसार बच्चों के खिलाफ देशभर में अपराध का आंकड़ा 5.9% बढ़ा हुआ दिखाया गया है जबकि बिहार में यह आंकड़ा 177% दर्शाया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो बिहार में बच्चों के खिलाफ अपराध का आंकड़ा अप्रत्याशित ढंग से 177% बढ़ने का क्या कारण है तथा सरकार इस पर अंकुश लगाने हेतु योजना बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भौतिक संसाधन उपलब्ध

**53 श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भारत सरकार से प्राप्त केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों को केंद्र और अन्य राज्यों की भाँति सरकारी भवन अथवा भूखंड आवंटित नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि ट्रेड यूनियन संगठन और संघ महासंघ लोकतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था का अंग है जो सरकार के साथ मिलकर विवादों का निपटारा करती है, क्या सरकार की ओर से संस्थागत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए इन संगठनों को भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने की जरूरत नहीं है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस दिशा में अपेक्षित कदम उठाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना

54 **श्री सैयद फैसल अली (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **युवा रोजगार एवं कौशल विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा जुलाई, 2025 में घोषित 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के अंतर्गत 12वीं उत्तीर्ण युवाओं को ₹4,000 प्रतिमाह, आईटीआई/डिप्लोमा धारकों को ₹5,000 प्रतिमाह तथा स्नातक/स्नातकोत्तर युवाओं को ₹6,000 प्रतिमाह इंटर्नशिप स्टाइपेंड प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि योजना प्रारंभ होने के बाद भी सरकार द्वारा अब तक इस योजना से संबंधित आधिकारिक आँकड़े जैसे—प्राप्त आवेदनों की संख्या, स्वीकृत आवेदनों की संख्या तथा वास्तविक रूप से स्टाइपेंड प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या सार्वजनिक नहीं की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि अब तक इस योजना के अंतर्गत श्रेणीवार (12वीं, आईटीआई/डिप्लोमा एवं स्नातक/स्नातकोत्तर) प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत लाभार्थियों तथा स्टाइपेंड प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या यह सही है कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2030–31 के बीच 1 लाख इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की समय-सीमा निर्धारित की है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नहर का पक्कीकरण

55 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा शहर स्थित सकरी नदी से निकलने वाली सकरी बायाँ मुख्य नहर जो लगभग 15 किमी लंबी कच्ची नहर है जिससे नवादा जिले के कई इलाकों

के खेतों की सिंचाई हुआ करती है;

(ख) क्या यह सही है कि सकरी बायाँ मुख्य नहर से किसानों की हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई का प्रमुख साधन है और हर खेत तक नहर का पानी पहुँचाने हेतु इस कच्ची नहर को पक्कीकरण कराना चाहती है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में बिहार जल सुरक्षा एवं आधुनिकीकरण परियोजना के तहत नवादा जिले के सकरी बायाँ मुख्य नहर का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बस स्टैंड का उन्नयन

56 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले का राजेंद्र बस स्टैंड जर्जर स्थिति में है तथा नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है;

(ख) क्या यह सही है कि हाल ही में राज्य कैबिनेट द्वारा बिहार के 31 बस स्टैंड को विश्वस्तरीय बनाने का संकल्प लिया गया है जिसमें गोपालगंज जिला शामिल नहीं है जबकि गोपालगंज जिला NH-27 के किनारे है जो दिल्ली को उत्तर-पूर्व से जोड़ता है तथा उत्तर प्रदेश की सीमा से भी सटा हुआ है, यहाँ से बाल्मीकि नगर, थावे, कुशीनगर, अयोध्या और नेपाल के पर्यटक प्रायः आते-जाते हैं;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपालगंज जिले के राजेंद्र बस स्टैंड का उन्नयन कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## महिला पुलिस कर्मी की तैनाती

57 **डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि महिलाओं के साथ होनेवाले अपराधों को रोकने, संकट के समय

त्वरित मदद पहुँचाने, थानों में महिला संबंधी मामलों में संवेदनशील तरीके से सुनवाई सुरक्षित करने की नीयत से वर्तमान सरकार 112 पुलिस वाहनों पर महिला पुलिस कर्मियों को तैनात कर रही है और यह व्यवस्था लगातार लागू है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (डायल - 112) के तहत कुल - 19288 पुलिस कर्मियों की बहाली की स्वीकृति दी गई है;

(ग) क्या यह सही है कि एक 112 पुलिस वाहन पर महिला सुरक्षा और महिला संबंधी अपराधों के मामलों में त्वरित सहायता के लिए एक महिला पुलिस कर्मी, कानून व्यवस्था और अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए एक पुरुष पुलिस कर्मी और वाहन संचालन के लिए एक ड्राइवर की तैनाती है;

(घ) क्या यह सही है कि 112 डायल के एक पुलिस वाहन पर दो पुरुष के बीच एक महिला कर्मी की तैनाती रखना अनुचित है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड - 'क' पर अंकित 112 डायल एक पुलिस वाहन पर समुचित सुरक्षा के निमित्त कम से कम दो महिला पुलिस कर्मी की तैनाती करने की व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## डेढुआ नहर पंप निर्माण

58 **श्री सोनु कुमार राय (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिले के संदेश प्रखंड में डेढुआ नहर पंप योजना बनाने का सरकार का प्रस्ताव है;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना से सैकड़ों गाँव के किसानों को लाभ मिलेगा और आसानी से खेतों में पानी पहुँच जाएगा;

(ग) क्या यह सही है कि डेढुआ नहर पंप योजना बनाने के लिए सरकार द्वारा प्राक्कलन

बनाने का विभाग को आदेश दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डेढ़ुआ नहर पंप का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बस का परिचालन

59 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के पटना जिले के अटल पथ पर पूर्व से निर्माणाधीन बस पड़ाव की स्थिति जर्जर हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थल पर बस पड़ाव इसलिए निर्माण कराया गया था कि पर्यटन विभाग द्वारा गाँधी मैदान से आर० ब्लॉक, पुनाईचक, शिवपुरी, मरीन ड्राइव से होते हुए हाजीपुर, अनबरपुर चौक तक चलाई जाएगी परंतु अब तक नहीं चलायी जा सकी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में अटल पथ पर गाँधी मैदान से आर० ब्लॉक के रास्ते हाजीपुर अनबरपुर चौक तक बस का परिचालन कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## थारू जनजाति की बेटियां

60 **श्रीमती शिवरानी देवी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि देश आजादी काल के बाद वर्ष 2004 से गठित सरकार ने थारू जनजाति की बेटियों के लिए बिहार महिला स्वाभिमान बटालियन बनाया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यह बताना चाहती है कि खंड-क' पर अंकित बिहार महिला स्वाभिमान बटालियन में थारू जनजाति की

कितनी बेटियाँ सरकारी नौकरी कर अपना जीवन-यापन कर रही हैं और सरकार की सेवा कर रही हैं?

----

## बारसोई कब्रिस्तान की घेराबंदी

61 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत प्रखंड बारसोई के ग्राम पंचायत बेलवाडांगी, मौजा-रैंयापुर, थाना-संख्या– 686, खाता संख्या -104, खेसरा संख्या - 244 तथा 247 कुल 4 एकड़ 40 डिसमिल राजस्व अभिलेख में कब्रिस्तान की जमीन है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कब्रिस्तान की जमीन पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिस कारण गांव के अल्पसंख्यक समाज में डर का माहौल है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए कब्रिस्तान की घेराबंदी कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जाम की समस्या का समाधान

62 **श्री वंशीधर ब्रजवासी (स्नातक तिरहुत):**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर शहर के भगवानपुर यादव नगर चौक पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिस कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि भगवानपुर ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सड़कों की चौड़ाई काफी कम है जिस पर नो इंट्री नहीं लगाया गया है जिससे भारी वाहनों के परिचालन के

कारण जाम की भीषण समस्या उत्पन्न होती है;

(ग) क्या यह सही है कि यादव नगर चौक पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था नहीं रहती है और बीच सड़क पर ही बस और ऑटो चालक मनमानी करते हुए गाड़ियां खड़ी करते हैं जो जाम का प्रमुख कारण है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भगवानपुर ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने और अघोषित बस और ऑटो स्टैंड को समाप्त कर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करते हुए जाम की समस्या का समाधान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

63 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह(विधान सभा) :**
**श्री वंशीधर ब्रजवासी(स्नातक तिरहुत) :**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत दीदारगंज अंचल के रानीपुर मौजा में खाता संख्या-1344, खेसरा संख्या-1605, जमाबन्दी संख्या-212744900301338 एवं थाना नंबर-1/19 रानीपुर की जमीन बुधिया देवी, पति- स्व. कृष्णा प्रसाद सिंह, पता- मालसलामी, पटना सिटी का खानदानी जमीन है और उसका लगान बुधिया देवी द्वारा लगातार राजस्व विभाग को प्राप्त हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि बुधिया देवी द्वारा श्री राज, आरक्षी अधीक्षक, आरा (भोजपुर) व अन्य सहयोगी के खिलाफ जबरदस्ती जमीन बेचने का दबाव एवं नहीं बेचने पर जान से मारने की धमकी संबंधी शिकायत पत्र आरक्षी महानिदेशक बिहार, पटना को प्रस्तुत किया गया है जिसके आधार पर महानिदेशक द्वारा जाँच कमिटी का गठन किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

**64 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र की खजुरी पांडु पंचायत के ग्राम-पांडु में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या- 60 तथा ग्राम-कचहरिया बेला में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या- 169 वर्षों से स्वीकृत एवं संचालित है परंतु इन दोनों केंद्रों के पास आज तक अपना कोई सरकारी भवन उपलब्ध नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय भवन के अभाव में इन दोनों केंद्रों का संचालन समुचित रूप से नहीं हो पा रहा है जिसके कारण स्थानीय नौनिहाल बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को प्रारंभिक पोषाहार, टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ मिलने में भारी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण बच्चों के सर्वांगीण विकास, कुपोषण मुक्ति और जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त केंद्र संख्या-60 एवं 169 के लिए प्राथमिकता के आधार पर नए भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मूलभूत सुविधा

**65 श्री अनिल ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया सहित बिहार के अनेक बस स्टैंडों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, प्रतीक्षालय, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जिसके कारण प्रतिदिन यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि सभी बस स्टैंडों पर आधुनिक एवं स्वच्छ शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था किए जाने से यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा तथा सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनेगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णिया सहित राज्य के सभी बस स्टैंडों पर चरणबद्ध तरीके से शौचालय एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नये भवन का निर्माण

**66 श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज प्रखण्ड स्थित साहेबगंज थाना का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है जिसके कारण थाना के प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार थाना के नये भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## साइबर फ्रॉड

**67 प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि साइबर फ्रॉड द्वारा पकड़ा गया पैसा जल्द से जल्द मूल धारक के खाते में लौटा दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना साइबर थाना कांड संख्या - 2187/2025 दिनांक- 17.10.2025 में सुभम कुमार, पिता- दिलीप कुमार जायसवाल, मोहल्ला-

एल०सी०टी० घाट, मैनपुरा, थाना- पाटलिपुत्रा के निवासी हैं जिनके बैंक खाता से कुल आठ लाख रुपये का साइबर फ्रॉड हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि सुभम कुमार के खाते से जिस खाता में पैसा गया है, उस खाते में बची हुई रकम को पटना साइबर थाना द्वारा फ्रिज/होल्ड भी किया जा चुका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुभम कुमार के खाता से फ्रॉड किया गया पैसा जल्द से जल्द उनके खाते में लौटना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

**आदेश का सख्ती से अनुपालन**

68 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा निकाले गए आदेश के अनुरूप रात दस बजे से लेकर सुबह छह बजे तक बैंड बाजा, लाऊडस्पीकर, डी.जे. आदि चलाना मना है ताकि आम जनता के नींद एवं चैन में खलल नहीं पड़े;

(ख) क्या यह सही है कि बीच सड़क पर बारात चलने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था अत्यंत प्रभावित हो जाती है जिस कारण एम्बुलेंस एवं अन्य गाड़ियों को अपने गंतव्य तक शीघ्र पहुंचने में अवरोध होता है;

(ग) क्या यह सही है कि बिना सरकारी अनुमति के शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों में मैरिज हॉल आदि संचालित होते हैं जिस कारण सामान्य नागरिकों को यातायात, बैंड बाजा, लाउडस्पीकर, डी.जे. के कारण कठिनाई हो रही है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विषय में अपने आदेश का अनुपालन सख्ती से कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अपराधियों का पता लगाना

**69** **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कुमार मंगलम के पटना जिला के ग्राम हाथीदह स्थित उनके आवास से लगभग 40 लाख रुपए की चोरी दिनांक- 25/01/2021 की रात में की गई थी जिसका FIR संख्या- 06/21 दिनांक- 26 /01 /2021 दर्ज है;

(ख) क्या यह सही है कि श्री मंगलम का आवास हाथीदह थाना के बगल में है लेकिन इसके बावजूद अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है जिसके कारण अनुसंधान त्वरित गति से नहीं हो सका, जिस कारण विभाग ने इस केस को सी.आई.डी. को सौंप दिया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र अपराधियों का पता लगाने एवं चोरी की गई सामग्री को बरामद करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बंद पड़े केन्द्रों को चालू करना

**70** **श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **युवा रोजगार एवं कौशल विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

दिनांक- 06.05.2026 को ''हिन्दुस्तान'' समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''युवाओं के कौशल विकास की योजना पर लगा ग्रहण'' को ध्यान में रखते हुए

(क) क्या यह सही है कि युवाओं के कौशल विकास हेतु सरकार के सात निश्चय- 01 में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था जिसे सात निश्चय- 02 में भी जारी रखा गया;

(ख) क्या यह सही है कि कुशल युवा कार्यक्रम के तहत सात निश्चय के अंतर्गत पूरे राज्य

में 1832 केन्द्र संचालित हैं जो सॉफ्टवेयर में बदलाव के कारण बंद पड़े हैं और छात्रों का नामांकन बंद है;

(ग) क्या यह सही है कि इस कौशल विकास योजना को सरकार के सात निश्चय- 03 में शामिल नहीं किया गया है जिसके कारण भी केन्द्र के संचालक नामांकन नहीं ले रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो वर्णित योजना का सात निश्चय-03 में शामिल नहीं करने का क्या कारण है तथा सरकार पूर्व से संचालित बंद पड़े केन्द्रों को चालू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदों का पुनः सृजन

71 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा)**:

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि समेकित बाल विकास सेवा योजना (ICDS) के अन्तर्गत कार्यरत 425 योग्य एवं अनुभवी प्रखंड परियोजना सहायकों (BPA) को बिना किसी उचित विकल्प दिये दिनांक 31.08.2022 को सेवामुक्त कर दिया गया है, जिससे वे बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इन कर्मियों को पुनः सेवा में समायोजित करने का आश्वासन माननीय मंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से दिया गया था, परन्तु लगभग 04 वर्ष बाद भी इनके पुनर्वास की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन 425 कर्मियों को समेकित बाल विकास सेवा योजना (ICDS) के अन्तर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर समायोजित करने अथवा उनके पदों को पुनः सृजन कर पुनः सेवा में लेना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चेक डैम का निर्माण

**72 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जी जिला अन्तर्गत गुरूआ प्रखंड के मंडा पहाड़ के उत्तर में चेक डैम नहीं होने से वर्षा का सारा पानी बह जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि मंडा पहाड़ पर चेक डैम नहीं होने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से फसल खराब हो जाती है और आम जन को भी पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मंडा पहाड़ पर चेक डैम का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम

**73 श्री वंशीधर ब्रजवासी (स्नातक तिरहुत):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर में शहरी क्षेत्र का विस्तार होने के कारण जीरोमाइल गोलंबर से बैरिया, चांदनी चौक, भगवानपुर, गोबरसही होते हुए रामदयालु तक जाने वाला राष्ट्रीय उच्च पथ अब शहरी क्षेत्र के बड़े हिस्सों से होकर गुजर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि शहरी क्षेत्र का विकास होने और वाहनों की संख्या बढ़ जाने के कारण इस राष्ट्रीय उच्च पथ पर दबाव काफी बढ़ गया है इसके बावजूद वाहनों की गति को नियंत्रित नहीं किए जाने के कारण प्राय: दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसमें जान-माल की व्यापक क्षति हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र के बड़े हिस्से से होकर गुजरने वाले उपरोक्त राष्ट्रीय उच्च पथ पर भारी वाहनों की

गति सीमा 25 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित करने, ओवर स्पीड वाहनों को प्रतिबंधित करने और स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उड़ाही कर जल संचय

74 **श्रीमती शिवरानी देवी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिले के बिहारशरीफ, रहूई, नूरसराय, हरनौत, चण्डी, करायपसुराय, सिलाव, कतरीसराय, थरथरी, गिरियक, हिलसा, बेन, परवलपुर, बिन्द, नगरनौसा, इसलामपुर, राजगीर, अस्थावां, सरमेरा, एकंगरसराय अंचल के प्रत्येक मौजानुसार सर्वे नक्शा में अंकित पईनों, नहरों आदि में विभिन्न कारकों के माध्यम से गाद भरा हुआ है जिसकी गहरी उड़ाही करने के अभाव में उसमें सालों भर जल संचय का अभाव है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पईनों, नहरों आदि में सालों भर जल संचय के अभाव में अनावृष्टि के समय कृषि कार्य, वन्य जीवों एवं मानव के विभिन्न कार्यों के लिए पानी भू-जल पर निर्भर रहना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' पर अंकित पईनों, नहरों, पोखरों आदि की गहरी उड़ाही कराकर उसमें सालों भर जल संचय रखना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नहर पटरी का कालीकरण

75 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत मांझा प्रखंड के सारण उप वितरनी में

जनटोली नहर पुल से वृतटोला पुल तक नहर पटरी का उपयोग आस-पास के गाँव के लोगों द्वारा सड़क के रूप में होता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नहर का पटरी कुछ दूर सोलिंग एवं कुछ दूर कच्चा है जिससे बरसात के समय आवागमन बाधित रहता है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर की पटरी का कालीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

**76 श्री सोनु कुमार राय (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर से कोइलवर तक तटबंध है;

(ख) क्या यह सही है कि भोजपुर जिलांतर्गत बड़हरा प्रखंड के पंचायत सेमरिया पड़रिया तथा नेकनाम टोला पंचायत के बीच केशोपुर श्मशान घाट के नजदीक का बाँध पूरी तरह से कट गया है;

(ग) क्या यह सही है कि बाँध कटने से बाढ़ के समय पानी से किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है और ग्रामीण जनता को आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनता की कठिनाई को देखते हुए पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## रिंग बस सेवा

**77 श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर के आस-पास पुनपुन-मसौढ़ी-धनरुआ-बेलदारीचक-

गौरीचक बाज़ार आदि मुख्य सड़क से जुड़ चुकी है तथा इस सड़क पर भारी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राजधानी से सटे होने के कारण आमतौर पर इस इलाके का लगाव पटना से है परन्तु इसके आस-पास के इलाके में कोई रिंग बस सर्विस का प्रावधान नहीं है जिससे यात्रियों को दिक्कत होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस इलाके के लिए पटना से रिंग बस सेवा चालू कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आहर पिंड का जीर्णोद्धार

**78 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के खजुरी पांडु पंचायत के वार्ड संख्या- 01 में गाँव के दक्षिण दिशा में स्थित आहर का पिंड (बांध) पिछले काफी समय से टूटा हुआ है जिससे स्थानीय किसानों की सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आहर पिंड के टूटे होने के कारण स्थानीय ग्रामीण किसानों, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा बरसात के मौसम में इसके और अधिक क्षतिग्रस्त होने से जान-माल एवं फसलों के व्यापक नुकसान की गंभीर आशंका बनी हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थानीय किसानों के हित और आवागमन को सुगम बनाने के लिए उक्त टूटे हुए आहर पिंड के जीर्णोद्धार हेतु कोई विशेष योजना या तकनीकी सर्वेक्षण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## संकल्प का अनुपालन

79 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **वित्त विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वित्त विभाग का संकल्प संख्या- 3ए-2-वे.पु.-05/2014-1900-वि., दिनांक- 25-2-2014 का अनुपालन अभी तक प्रशासी विभाग द्वारा नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त संकल्प का अनुपालन कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

पटना – 800015

23 जुलाई, 2026

शंकर कुमार,

प्रभारी सचिव

बिहार विधान परिषद्